ग्रामीण प्रशिक्षण शिविरों का संगठन

इस योजनान्तर्गत राज्य के असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को विभिन्न श्रम अधिनियमों की जानकारी देने हेतु ग्रामीण प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाता है । वित्तीय वर्ष 2011–12 में रू0 32.76 लाख की लागत पर राज्य के सभी जिला में एक दिन का प्रशिक्षण शिविर एवं प्रमण्डलीय मुख्यालय स्तर पर सेमिनार, 17 सितम्बर विश्वकर्मा दिवस को श्रम कल्याण दिवस का सफल आयोजन किया गया । ग्रामीणों को जागरूक करने एवं उनकी क्षमता निर्माण के लिए पंचायत स्तर पर स्वैच्छिक रूप से ''श्रमिक चेतना केन्द्र'' का गठन किया गया है एवं एक–एक श्रमिक की पहचान कर उन्हें ''श्रमिक चेतना सैनिक'' के रूप में प्रशिक्षित किया जा रहा है।

वित्तीय वर्ष 2012–13 में रू0 36.00 लाख की लागत पर सभी जिलों में एक दिन का प्रशिक्षण शिवर आयोजित करने का लक्ष्य रखा गया है।